# प्रेस नोट दिनांक 05.06.2025 जनपद प्रतापगढ़

## थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़

थाना लालगंज पुलिस व स्पेशल टीम की संयुक्त टीम से हुई मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय 01 शातिर अभियुक्त के पैर में लगी गोली व अन्य 01 अभियुक्त को गिरफ्तार

थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत जगन्नाथपुर नहर पुलिया के पास थाना लालगंज पुलिस व स्पेशल टीम की संयुक्त टीम से हुई मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय 01 शातिर अभियुक्त के पैर में लगी गोली व अन्य 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये हुए बकरा/ बकरी बेचने से बचे 4300/- रुपये एवं 02 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

लालगंज और सांगीपुर की चोरी की घटनाओं में वांछित अपराधियों से बरामद तमंचा, कारतूस, नकदी और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल

घायल अभियुक्त शाहिद उर्फ पिंकू उपरोक्त पर जनपद प्रतापगढ़, जनपद रायबरेली, जनपद अमेठी में लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट जैसे लगभग 17 अभियोग पंजीकृत है।

घायल अभियुक्त शाहिद उर्फ पिंकू उपरोक्त को ईलाज हेतु सीएचसी लालगंज ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों द्वारा बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 05.06.2025 को रात्रि को ASP(W) श्री संजय राय व CO लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के नेतृत्व मे थाना लालगंज पुलिस व स्पेशल टीम की संयुक्त टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत जगन्नाथपुर नहर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में 01 अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त शाहिद उर्फ पिंकू पुत्र सुन्दी अली नि0ग्राम कुरैशी का पुरवा, राहटीकर, थाना उदयपुर, प्रतापगढ़ उम-23 वर्ष के पैर में लगी गोली लगने से घायल हो गया तथा अभियुक्त जाकिर पुत्र शमशाद नि0ग्राम जगतपुर रोड़, थाना सलोन, जनपद रायबरेली उम्र-35 वर्ष को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। फायरिंग के दौरान घायल शाहित उर्फ पिंकू उपरोक्त का इलाज हेतु सीएचसी लालगंज भेजा गया था, जहां से डॉक्टरों द्वारा बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया है। एक बदमाश शमीम पुत्र अलेमान नि0ग्राम कुरैशी का पुरवा, राहटीकर, थाना उदयपुर, प्रतापगढ़ रात के अंधेरे व भौगोलिक परिस्थिति का फायदा लेते हुए भाग गया है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु दबिश/प्रयास किया जा रहा है।

अभियुक्तों द्वारा थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत बढगईयन बीरबल में दिनांक-16.03.2024 को रात्रि में वादी के घर के बरामदे से बकरी एवं बकरा चोरी कर लिए थे। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 94/2025 धारा 302(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

अभियुक्तों द्वारा थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चौधरी का पुरवा (देऊम) दिनांक-29.04.2025 की रात्रि को वादी के 02 मोबाइल एवं बकरा/ बकरी चोरी कर लिए थे। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 109/2025 धारा 302(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये हुए बकरा/ बकरी बेचने से बचे 4300/- रुपये एवं 02 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। जिसके संबंध में थाना कंधई में मु0अ0सं0 212/2025 धारा 109 (1), 352,351 (3) बीएनएस व धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम 03 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

अभियुक्त शाहिद उर्फ पिंकू पुत्र सुन्दी अली नि0ग्राम कुरैशी का पुरवा, राहटीकर, थाना उदयपुर, प्रतापगढ़ उम- 23 वर्ष का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 105/21 धारा 411, 413 419. 420, 467, 468 भादवि थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़।
2. मु0अ0सं0 10/25 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़।
3. मु0अ0सं0 301/21 धारा286, 323,342,394,411,506,504, भादवि थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।
4. मु0अ0सं0 150/25 धारा 2(b)(1)/2(b)(11)/3 गैंगस्टर एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. मु0अ0सं0 284/25 धारा303(2),317(2),352 बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
6. मु0अ0सं0 332/24 धारा 132 बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
7. मु0अ0सं0 307/24 धारा 303(2, 317(2) बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
8. मु0अ0सं0 431/23 धारा 380,411,457 भादवि थाना गुरबक्शगंज जनपद रायबरेली।
9. मु0अ0सं0 196/21 धारा 392,411,506 भादवि थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली।
10. मु0अ0सं0 332/23 धारा 380,411,457 भादवि थाना मिलएलरिया जनपद रायबरेली ।
11. मु0अ0सं0 16/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 193,307,34,401 भादवि थाना सलोन जनपद रायबरेली।
12. मु0अ0सं0 428/23 धारा 380,411,457 भादवि थाना सलोन जनपद रायबरेली।
13. मु0अ0सं0 447/21 धारा 392,411 भादवि थाना सलोन जनपद रायबरेली।
14. मु0अ0सं0 452/21 धारा 411,धारा 392,411 भादवि थाना सलोन जनपद रायबरेली।
15. मु0अ0सं0 460/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सलोन जनपद रायबरेली।
16. मु0अ0सं0 243/23 धारा 380,411,457 भादवि थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली।
17. मु0अ0सं0 207/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 193,307,34,401 भादवि थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली।

2- अभियुक्त जाकिर पुत्र शमशाद नि0ग्राम जगतपुर रोड़, थाना सलोन, जनपद रायबरेली उम्र-35 वर्ष का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0 94/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।
02. मु0अ0सं0 109/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
बकरा/ बकरी बेचने से बचे 4300/- रुपये एवं 02 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 दीपक कुमार यादव, उ0नि0 प्रशांत दुबे, उ0नि0 राजेश कुमार यादव, हे0का0 जाहिद हुसैन, का0 ऋषिराज यादव, का0 माधवेश राय, आरक्षी चालक अभिमन्यु, आरक्षी नीरज कुमार, का0 कैलाश, का0 संजय कुमार, चालक का0 विवेक यादव थाना लालगंज प्रतापगढ़।

स्पेशल टीम- प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार पाण्डेय मय हमराह उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह, हे0का0 महेश कुमार सिंह, का0 बृजेश कुमार सिंह, का0 राहुल यादव, का0 सुनील यादव, का0 विरेन्द्र यादव मय का0 चालक कुँवर मोहन सिंह।

## थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध/ अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही जारी-
थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा गोवध अधि0 व पशु क्रुरता निवारण अधि0 से संबंधित 01 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार
थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत देवरखा पुल के पास से किया गया गिरफ्तार
अभियुक्त पर जनपद जौनपुर, जनपद प्रतापगढ़ में गो0 हत्या, पशु क्रूरता, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी जैसे संगीन अपराध पंजीकृत है।
प्रतापगढ़।
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित/ वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आसपुर देवसरा थानाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उ0नि0 राजन कुमार बिन्द मय हमराह का0 अजीत चौहान द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा के मु0अ0सं0 217/21 धारा 3/5/8 गौबध अधि0, 429 भादवि थाना आसपुर देवसरा व  मु0अ0सं0 227/21 धारा 147/148/149/307/120बी भादवि व धारा 3/5A /8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 से संबंधित 01 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त अंसार पुत्र बखेडू उर्फ नसीरुद्दीन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम व थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर को थाना क्षेत्रान्तर्गत देवरखा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- अंसार पुत्र बखेड़ू उर्फ नसीरुद्दीन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम व थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर।

अभियुक्त अंसार पुत्र बखेड़ू उर्फ नसीरुद्दीन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम व थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0 217/21 धारा 3/5A / 8 उ0प्र0 गोवध निवा0 अधि0 व 429 भादवि थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

02. मु0अ0सं0 227/21 धारा 147/148/149/307/120बी भादवि व धारा 3/5A/8 उ०प्र०गोबध निवा0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

03. मु0अ0सं0 11/23 धारा 212/420 भादवि थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर।

पुलिस टीम-

उ0नि0 राजन कुमार बिन्द मय हमराह का0 अजीत चौहान थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

## थाना लीलापुर,जनपद प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

थाना लीलापुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म, अपहरण के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना लीलापुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को थानाक्षेत्र के कटकावली मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष लीलापुर श्री अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विनीत कुमार यादव मय हमराह का0 सौरभ यादव द्वारा दिनांक 05.06.2025 को देखभाल क्षेत्र/ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना लीलापुर पर पंजीकृत अन्तर्गत धारा 366/376/506/120बी भादवि से संबंधित अभियुक्त सहबाज उर्फ सामिर पुत्र बकरूदीन निवासी गोपालपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र लीलापुर के कटकावली मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- 01.सहबाज उर्फ सामिर पुत्र बकरूदीन निवासी गोपालपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ

पुलिस टीम का विवरण- उ0नि0 विनीत कुमार यादव मय हमराह का0 सौरभ यादव थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

## थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

गाली-गलौज व मारपीट, जानबूझ कर नुकसान पहुंचाना, निर्माण में बाधा, जान से मारने की धमकी देने के अभियोग से संबंधित 05 वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार

अभियुक्त को थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नया पुरवा (सरायकीरत) उनके घर के पास से के पास से गिरफ्तार किया गया-

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 04.06.2025 को वादिनी कच्चे मकान को गिराकर पक्का मकान बनवा रही थीं। इस दौरान पड़ोस की महिलाओं द्वारा मकान की चौखट व दीवार गिराकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। वादिनी द्वारा विरोध करने पर उक्त महिलाओं द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। शोर सुनकर वादिनी के परिजनों द्वारा बीच-बचाव हेतु आए, तो गांव के अन्य व्यक्तियों धर्मेन्द्र पटेल व अजय कुमार द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए हमला किया। जिसके संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना हथिगवां पर मु0अ0सं0 98/2025 धारा 191(2)/119(1)/352/351(3)/324(4) बीएनएस बनाम 05 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना हथिगवां प्रभारी निरीक्षक श्री नन्दलाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह उ0नि0 राधेश्याम सिंह, उ0नि0 शिवाकान्त मिश्रा, का0 अनिल यादव प्रथम, का0 अनिल यादव द्वितीय, म0का0 प्रतिभा मौर्या, म0का0 रेनू यादव, म0का0 नीलम द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां पर पंजीकृत मु0अ0सं0 98/2025 धारा 191(2)/119(1)/352/351(3)/324(4) बी.एन.एस. से संबंधित 05 वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता 1. अजय कुमार पटेल पुत्र देवतादीन 2. धर्मेन्द्र कुमार पटेल पुत्र स्व0 राकेश कुमार पटेल व 03 अभियुक्ता निवासीगण नया पुरवा (सरायकीरत) थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को थाना हथिगवां क्षेत्रातंर्गत ग्राम नया पुरवा (सरायकीरत) उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-

01. अजय कुमार पटेल पुत्र देवतादीन, निवासी नया पुरवा (सरायकीरत), थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़।
02. धर्मेन्द्र कुमार पटेल पुत्र स्व० राकेश कुमार पटेल, निवासी नया पुरवा (सरायकीरत), थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़।
03. कुल 03 अभियुक्ता।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह उ0नि0 राधेश्याम सिंह, उ0नि0 शिवाकान्त मिश्रा, का0 अनिल यादव प्रथम, का0 अनिल यादव द्वितीय, म0का0 प्रतिभा मौर्या, म0का0 रेनू यादव, म0का0 नीलम थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।

**थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़**

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना जेठवारा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत जगदीशपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त का विवरण-
दिनांक 05.04.2025 को वादी के लड़के व बहू के साथ आरोपीगणों द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। वादी के लड़के पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जिसके संबंध में थाना जेठवारा पर मु0अ0सं0 72/25 धारा 115(2), 352, 351(3), 109, 324(2) बीएनएस बनाम 03 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जेठवारा श्री धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्री राजीव वर्मा मय हमराह का0 राजीव यादव, का0 पुष्पेन्द्र द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना जेठवारा में पंजीकृत मु0अ0सं0 72/25 धारा 115(2), 352, 351(3), 109, 324(2) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त पन्नालाल यादव पुत्र विशेसर प्रसाद निवासी ग्राम सराय देवराय थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ को थाना क्षेत्रान्तर्गत जगदीशपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01- पन्नालाल यादव पुत्र विशेसर प्रसाद निवासी ग्राम सराय देवराय थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-
उ0नि0 श्री राजीव वर्मा मय हमराह का0 राजीव यादव, का0 पुष्पेन्द्र थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।